श्री सुनील बड़थ्वाल, भारतीय प्रशासनिक सेवा, बिहार कैडर के अधिकारी है। 52 वर्षीय श्री बड़थ्वाल ने सेंट स्टीफेंस कालेज, दिल्ली से बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र तथा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। आपने किंग्स कॉलेज, लंदन से इकोनॉमिक्स ऑफ कंपीटिशन लॉ में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के रूप में अपने समृद्ध एवं विविध अनुभव के दौरान, आपने राज्य सरकार के राजस्व प्रबंधन, ग्रामीण विकास, ऊर्जा एवं विद्युत, वित्त, गृह, परिवहन आदि विभागों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य करने के साथ-साथ केंद्र सरकार में श्रम, खनन, इस्पात एवं वित्त मंत्रालय में भी कार्य किया है। आपको भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में भी कार्य का अनुभव प्राप्त है। श्री सुनील बड़थ्वाल,एस.ए.आई.एल., एन.एम.डी.सी., एम.ई.सी.ओ.एन., एम.एस.टी.सी. एवं एच.सी.एल. के बोर्डों से भी जुड़े रहे हैं।

समय-समय पर, इकनॉमिक टाईम्स, फाईनेंशियल एक्सप्रैस तथा ऐसे ही अन्य प्रमुख प्रकाशनों में आपके लेख प्रकाशित होते रहते हैं।

वर्तमान में, श्री सुनील बड़थ्वाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं।